भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 50 | बिजौलिया - गुरुवार,01 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

सरपंच बनना है तो पहले छोड़नी होगी प्रशासक की कुर्सी

पंचायत चुनाव से पहले बड़ा पेंचः नामांकन से पहले इस्तीफा जरूरी, स्वीकार नहीं हुआ तो निरस्त हो सकता है पर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

राजस्थान में आगामी पंचायती राज चुनावों की तैयारी के बीच ग्राम पंचायतों में प्रशासक के पद पर बैठे निवर्तमान सरपंचों के सामने अब चुनावी मैदान में उतरने से पहले पद छोड़ने की शर्त सामने आ गई है। चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रशासकों को नामांकन दाखिल करने से पहले प्रशासक पद से इस्तीफा देकर उससे मुक्त होना होगा। जानकारी के अनुसार, नामांकन पत्रों की जांच के दौरान इस स्थिति को भी देखा जाएगा।

दरअसल, ग्राम पंचायतों का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रदेश की बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक व्यवस्था के लिए प्रशासक नियुक्त किए गए हैं। कई स्थानों पर पूर्व सरपंचों को ही यह जिम्मेदारी दी गई है। अब जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों के चुनाव प्रस्तावित होने के साथ ही इन प्रशासकों के लिए चुनाव लड़ने को लेकर यह मुद्दा महत्वपूर्ण हो गया है।



इस्तीफा दिया, लेकिन स्वीकार नहीं हुआ तो अटक सकता है पर्चा

चुनावी प्रक्रिया में नामांकन दाखिल करने के समय उम्मीदवार की पात्रता महत्वपूर्ण होगी। ऐसे में प्रशासक पद पर रहते हुए नामांकन दाखिल करने वाले निवर्तमान सरपंचों के सामने मुश्किल खड़ी हो सकती है। चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे लोगों को केवल इस्तीफा देने के बजाय उसके स्वीकार होने और पद से विधिवत मुक्त होने की प्रक्रिया भी पूरी करनी होगी।

'लाभ के पद' को लेकर उठी स्थिति

बताया जा रहा है कि प्रशासक का पद 'लाभ के पद' के दायरे में माना गया है। इसी वजह से चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रशासकों के लिए पद छोड़ना जरूरी माना जा रहा है। यानी चुनावी मैदान में उतरने से पहले उन्हें प्रशासनिक जिम्मेदारी और चुनावी उम्मीदवारी के बीच की स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

सरकार के स्तर पर भी विकल्पों पर मंथन

इस बीच सरकार के स्तर पर सभी ग्राम पंचायत प्रशासकों को एक साथ हटाने को लेकर भी मंथन चलने की बात सामने आ रही है। यदि चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से पहले सरकार प्रशासकों को पदमुक्त करती है तो निवर्तमान सरपंचों के लिए चुनाव लड़ने का रास्ता सीधे तौर पर साफ हो सकता है।

वहीं, यदि सभी प्रशासकों को एक साथ नहीं हटाया जाता है तो इस्तीफा देने वाले प्रशासकों के मामलों में संबंधित स्तर पर इस्तीफा स्वीकार कर पदमुक्त करने की प्रक्रिया अपनाई जा सकती है।

चुनाव से पहले गांवों में बढ़ेगी राजनीतिक हलचल

पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव नजदीक आने के साथ ही गांवों में संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ने लगी है। निवर्तमान सरपंचों में भी दोबारा चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू हो चुकी है। ऐसे में प्रशासक पद पर बैठे पूर्व सरपंचों के लिए पहले कुर्सी छोड़ना और फिर चुनावी मैदान में उतरना अहम प्रक्रिया बन गई है।

शाकंभरी माता मंदिर के पास महिला पर हमला, जेवर लेकर फरार हुआ बदमाश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनीत चपलोत

उपनगर पुर के चुंगी नाका क्षेत्र में बुधवार सुबह घर से निकली महिला पर अज्ञात बदमाश ने धारदार हथियार से हमला कर सोने के जेवर लूट लिए। शाकंभरी माता मंदिर के पास हुई वारदात में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

चुंगी नाका निवासी कमला जाट पत्नी श्यामलाल जाट सुबह घर से बाहर निकली थीं। परिजनों के अनुसार मंदिर के पास घात लगाकर बैठे अज्ञात व्यक्ति ने महिला की नाक पर धारदार हथियार से वार कर दिया। हमले में महिला घायल होकर अचेत हो गई। आरोपी उसके गले में पहनी सोने की रामनामी और मादलिया काटकर फरार हो गया।

परिजनों के अनुसार महिला की नाक और गाल पर गंभीर चोटें आईं तथा दोनों स्थानों पर पांच-पांच टांके लगाए गए। घायल महिला को महात्मा गांधी



अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। परिजनों के मुताबिक चोट के कारण महिला फिलहाल बोलने की स्थिति में नहीं है।

वारदात के बाद क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। लोगों ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और संदिग्धों की पहचान करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि चुंगी नाका और आसपास के क्षेत्र में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, ऐसे में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए।

एसडीएम कोर्ट परिसर में महिला और पिता से मारपीट का आरोप

पारिवारिक विवाद में पति समेत चार पर केस, वकीलों ने बीच-बचाव कर दोनों को बचाया; कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

गर्वित

कनवास थाना क्षेत्र में स्थित एसडीएम कोर्ट परिसर में पारिवारिक विवाद को लेकर महिला और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर कोर्ट परिसर में लात-घूंसों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद वकीलों और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को बचाया।

कनवास थानाधिकारी अनूप सिंह के अनुसार, मामोर झोपड़ियां निवासी महिला की रिपोर्ट पर उसके पति सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, महिला अपने पिता के साथ बाइक से कनवास जा रही थी। इसी दौरान पावर हाउस के पास कार सवार उसका पति परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उनके पीछे लग गया। महिला ने अपने पिता से बाइक को सीधे एसडीएम कोर्ट परिसर की ओर ले जाने को कहा। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग भी पीछे से कोर्ट परिसर में पहुंच गए। पीड़िता के अनुसार, कोर्ट परिसर में पहुंचने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके और उसके पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि जब उसने अपने पिता को बचाने का प्रयास किया तो पति ने उसका हाथ पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया। इसके बाद अन्य लोगों ने भी उसके साथ मारपीट की।

घटना के दौरान कोर्ट परिसर में मौजूद वकील और अन्य लोग मौके पर पहुंचे तथा बीच-बचाव कर महिला और उसके पिता को बचाया। घटना के बाद एसडीएम कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभिभाषक परिषद की ओर से भी नाराजगी जताई गई। कोर्ट परिसर में इस तरह की घटना होने से वहां मौजूद लोगों में भी चर्चा रही। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना के पूरे घटनाक्रम और आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

वृद्धा नंदू देवी हत्याकांड में आरोपी को उम्रकैद

सरदारपुरा के 2023 के मामले में कोर्ट का फैसला; 21 गवाहों और 47 दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर दोषसिद्ध

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मूलचंद पेसवानी

सरदारपुरा में वर्ष 2023 में हुई वृद्धा नंदू देवी की हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय शाहपुरा ने आरोपी शक्ति सिंह को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर तीन धाराओं में कुल 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया।

अपर लोक अभियोजक हितेष शर्मा के अनुसार नंदू देवी नाहरसागर बांध के पेटे में नहर के पास स्थित खेत पर गई थीं। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। अगले दिन नहर के पास खून के धब्बे मिले और तलाश के दौरान नंदू देवी का शव नहर से बरामद हुआ। उनके हाथों में पहने चांदी के कड़े भी गायब मिले थे। मामले में फुलियाकलां थाने में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने जांच की। बाद में आरोपी शक्ति सिंह के खिलाफ हत्या, साक्ष्य मिटाने और लूट की धाराओं में आरोप पत्र पेश किया गया।

तीन धाराओं में अलग-अलग सजा

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 21 गवाहों के बयान और 47 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सानिया हाशमी ने धारा 302 में आजीवन कारावास व 25 हजार रुपए जुर्माना, धारा 392 में 10 वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार रुपए जुर्माना तथा धारा 201 में 7 वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।


बिजली के खंभे पर धधकती रही डीपी, घरों के उपकरण फुंके

हरणी में ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन; समय पर बिजली बंद नहीं करने का आरोप, मुआवजे की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



पुनीत चपलोत । बड़ी हरणी में विद्युत खंभे पर लगी डीपी में आग और कथित रूप से समय पर बिजली आपूर्ति बंद नहीं किए जाने को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सिक्योर कंपनी और अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आगजनी में जले घरेलू उपकरणों का मुआवजा दिलाने और जिम्मेदार कार्मिकों पर कार्रवाई की मांग की।



वार्ड पार्षद शंकरलाल जाट के अनुसार 29 सितंबर की शाम करीब 7:05 बजे हरणी महादेव रोड स्थित तेजाजी मंदिर के पास विद्युत खंभे पर लगी डीपी में अचानक तेज स्पार्किंग के साथ आग लग गई। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 40-45 मिनट तक धमाकों के साथ चिंगारियां और आग की लपटें निकलती रहीं, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों के आरोप के मुताबिक सूचना देने के बावजूद तत्काल बिजली बंद नहीं की गई। करीब एक घंटे बाद विद्युत कर्मचारी और दमकल मौके पर पहुंचे। हाई-वोल्टेज स्पार्किंग के कारण आसपास के कई घरों में टीवी, फ्रिज, पंखे, कूलर और पानी की मोटर सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलने की बात ग्रामीणों ने कही।

नुकसान का सर्वे कराने की मांग

ग्रामीणों ने कहा कि समय पर बिजली आपूर्ति बंद नहीं होने से आग रिहायशी मकानों तक पहुंच सकती थी। ज्ञापन में विद्युत विभाग, सिक्योर कंपनी और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम से नुकसान का सर्वे कराने, प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने तथा जिम्मेदार कार्मिकों पर कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही क्षेत्र की विद्युत लाइनों और खंभों का तकनीकी ऑडिट कराने की मांग भी उठाई गई।

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA FOCUS
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

मेवाड़ चैंबर के अध्यक्ष बने अनिल मिश्रा

आर.के. जैन 10वीं बार मानद महासचिव



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मेवाड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 55वीं वार्षिक आमसभा के बाद हुई बैठक में जे.के. टायर्स के मुख्य महाप्रबंधक अनिल मिश्रा को वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। आर.के. जैन को 10वीं बार मानद महासचिव की जिम्मेदारी मिली।

नई कार्यकारिणी में डॉ. आर.सी. लोढ़ा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, योगेश लढ्ढा, अनुराग सोनी व पंकज ओस्तवाल उपाध्यक्ष, निर्मल कुमार जैन संयुक्त सचिव और एस.के. सुराणा कोषाध्यक्ष चुने गए। बैठक में उद्योग-व्यापार से जुड़े मुद्दों और चैंबर की आगामी गतिविधियों पर चर्चा हुई।

मनरेगा कार्यस्थल पर विधिक साक्षरता शिविर, महिलाओं को दी कानून की जानकारी



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देश पर बुधवार को ग्राम भोपतपुरा एवं सूती के मनरेगा कार्यस्थल पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर एवं अंजलि नायक ने महिलाओं को लोक अदालत, एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय के अधिकारों सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।शिविर में कई महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं की कानूनी समस्याओं और अधिकारों से संबंधित जानकारी भी साझा की गई।

नवनिर्वाचित उपमहापौर राधेश्याम सोमानी का अभिनंदन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।।

नगर माहेश्वरी महिला संस्थान ने सामाजिक सरोकार के तहत नवनिर्वाचित उपमहापौर राधेश्याम सोमानी का अभिनंदन किया। नगर अध्यक्ष वीणा मोदी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सोमानी को पगड़ी पहनाकर, उपरणा ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। सचिव विनीता तोषनीवाल ने 14 व 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाले 'भक्ति बीट्स विद गरबा फीट्स' कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले दिन भजन जैमिंग और दूसरे दिन गरबा उत्सव होगा। पदाधिकारियों ने सोमानी को कार्यक्रम का आमंत्रण भी दिया। सोमानी ने सम्मान एवं आमंत्रण के लिए संस्थान का आभार जताया। इस अवसर पर वीणा मोदी, विनीता तोषनीवाल, निशा सोनी, अन्नू मोदी, लीना कोठारी, नीलम दरगड़ एवं चेतना जागेटिया मौजूद रहीं।

आसींद के लाल शिवराज कुमावत ने पीसांगन में नायब तहसीलदार पद पर पदभार संभाला

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) में अपनी लगन और कठिन परिश्रम के बल पर ऑल राजस्थान 92वीं रैंक हासिल करने वाले आसींद क्षेत्र के होनहार लाल शिवराज कुमावत ने राजस्थान तहसीलदार सेवा के तहत नायब तहसीलदार के रूप में अपने प्रथम पदस्थापन स्थल पीसांगन (अजमेर) में तहसीलदार अमित जिंदोलिया कि मौजूदगी में पदभार ग्रहण (कार्यग्रहण) किया है। कार्यग्रहण के अवसर पर तहसीलदार अमित जिंदोलिया सहित अन्य अधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने उनका फूल-माला पहनाकर व बधाई देकर भव्य स्वागत किया।

महात्मा गांधी अस्पताल के समय में परिवर्तन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

निदेशालय चिकित्सा शिक्षा विभाग, जयपुर के अनुसार जिलें के महात्मा गांधी अस्पताल में 01 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक चिकित्सालय संस्थान के संचालन का समय निर्धारित किया गया है।

महात्मा गांधी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि निर्धारित समयानुसार सामान्य कार्य दिवसों में चिकित्सालय का संचालन प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक तथा रविवार एवं अन्य राजकीय अवकाश के दिनों में प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक रहेगा।

सिद्धि तप की आराधना करने वाली 28 सुश्राविकाओं का सम्मान

शीतल यश महिला मंडल की मासिक बैठक में हुआ आयोजन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

यश विहार में शीतल यश प्रोत्साहन महिला मंडल की मासिक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान सिद्धि तप की आराधना करने वाली 28 सुश्राविकाओं का सम्मान किया गया। वहीं 11 उपवास की तपस्या पूर्ण करने पर मंडल की कार्याध्यक्ष नीता बाबेल का भी बहुमान किया गया।

बैठक की शुरुआत नवकार महामंत्र के जाप और सामूहिक यश चालीसा पाठ से हुई। मंडल अध्यक्ष रेखा नानेचा ने बताया कि बैठक में गतिविधियों पर चर्चा की गई। मंत्री राखी खमेसरा ने आभार व्यक्त किया। बड़ी संख्या में मंडल की सदस्य बहनें मौजूद रहीं।

कल होगा विशाल रक्तदान शिविर

महात्मा गांधी चिकित्सालय के ब्लड बैंक में सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक आयोजन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

फार्मासिस्ट जनसेवा एवं जनकल्याण समिति की ओर से 2 अक्टूबर को विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। महात्मा गांधी जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती एवं मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के 15 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर होने वाले शिविर के पोस्टर का विमोचन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ ने किया। समिति के अनुसार शिविर महात्मा गांधी चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। डॉ. गौड़ ने आमजन से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान कर अभियान को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान फरियाद मोहम्मद, अंकित काबरा सहित समिति सदस्य मौजूद रहे।

पीएम पोषण योजना की स्कूलों में सघन जांच, 90% निरीक्षण पूरा

192 अधिकारियों की लगाई ड्यूटी, भोजन-दूध की गुणवत्ता और भंडारण व्यवस्था परखी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर पीएम पोषण (मिड-डे-मील) एवं पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के प्रभावी संचालन को लेकर जिलेभर के विद्यालयों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों सहित उपखंड अधिकारियों ने स्कूलों में पहुंचकर भोजन, दूध, खाद्यान्न की उपलब्धता, गुणवत्ता, वितरण और भंडारण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।अभियान के तहत 192 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 29 व 30 सितंबर को चले निरीक्षण अभियान में अब तक निर्धारित लक्ष्य का करीब 90 प्रतिशत निरीक्षण पूरा किया जा चुका है। शेष विद्यालयों की निरीक्षण रिपोर्ट भी जुटाई जा रही है।

छाबड़िया स्कूल में नहीं मिली अनियमितता

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छाबड़िया में निरीक्षण के दौरान पीएम पोषण एवं बाल गोपाल योजना की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। विद्यालय में पर्याप्त मात्रा में दूध उपलब्ध था और खाद्यान्न भंडारण स्थल पर भी साफ-सफाई पाई गई। निरीक्षण के दौरान गेहूं में इल्लियां या अन्य कीट पाए जाने की पुष्टि नहीं हुई। अधिकारियों के अनुसार विद्यालय स्तर पर भी इस संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं मिली।

जिला प्रशासन ने योजनाओं के तहत विद्यार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुसार भोजन एवं दूध उपलब्ध कराने तथा व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार दीपावली पर आतिशबाजी के अस्थाई लाइसेंस के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में दीपावली के त्योहार पर आतिशबाजी के अस्थाई लाइसेंस के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर निर्धारित की गई है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उक्त सूचना का स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि इच्छुक आवेदक निर्धारित समयावधि में आवेदन कर सकें।

श्रम संवाद में चारों श्रम संहिताओं और PM-VBRY की दी जानकारी

श्रमिकों के वेतन, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य-सुरक्षा और रोजगार प्रोत्साहन योजनाओं पर हुई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

श्रम विभाग की ओर से बुधवार को संगम हाउस, चित्तौड़ रोड पर श्रम संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें चारों श्रम संहिताओं, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PM-VBRY) और श्रमिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में श्रम, उद्योग, EPFO, ESIC, राष्ट्रीय श्रम संस्थान सहित विभिन्न विभागों एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

विशेषज्ञों ने वेतन एवं पारिश्रमिक, न्यूनतम वेतन, फिक्स्ड टर्म रोजगार, ग्रेच्युटी, महिला श्रमिकों की सुरक्षा, शिशु पालन गृह, सामाजिक सुरक्षा तथा कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों पर जानकारी दी। औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों की वर्ष में एक बार चिकित्सा जांच सहित कार्य अवधि और श्रम कल्याण से संबंधित व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में PM-VBRY के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने और नियोक्ताओं व युवाओं को प्रोत्साहन देने की योजना की जानकारी दी गई। वहीं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM-SYM) के जरिए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को



सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने के बारे में बताया गया। श्रम आयुक्त राजस्थान जयपुर श्रीमती पूजा पार्थ के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में उप श्रम आयुक्त शिवदयाल सोलंकी ने श्रमिकों और नियोक्ताओं को श्रम कानूनों के प्रति जागरूक करने तथा सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उद्योग प्रतिनिधि, नियोक्ता, श्रमिक, लीगल एडवाइजर, कंसल्टेंट और सीए सहित अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहे। अंत में प्रतिभागियों के सवालों और जिज्ञासाओं का विशेषज्ञों ने समाधान किया।



QUICK BITES

हाथ वाले रोटावेटर से खेतों की जुताई, किसानों का खर्च घटा

छोटे खेतों में आसानी से पहुंचने वाली मशीन बनी उपयोगी विकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



खेती में अब छोटे उपकरण भी किसानों के काम को आसान बना रहे हैं। सोपुरा निवासी किसान भेरू पुरी गोस्वामी इन दिनों हाथ वाले रोटावेटर (पावर वीडर) से खेतों में हकाई-जुताई कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मशीन से कम खर्च में खेत तैयार हो जाता है। छोटे खेतों में जहां ट्रैक्टर पहुंचने में परेशानी होती है, वहां यह मशीन आसानी से काम करती है। खरपतवार हटाने और मिट्टी को भुरभुरी करने में भी यह उपयोगी साबित हो रही है।

धामनिया में विधायक मद से हुए विकास कार्यों का लोकार्पण

हाईमास्ट लाइट व कबूतरखाना सहित जनसुविधाओं से जुड़े कार्य ग्रामीणों को किए समर्पित

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



ग्राम धामनिया में विधायक मद से कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया। उन्होंने हाईमास्ट लाइट, कबूतरखाना सहित जनसुविधा से जुड़े कार्यों का उद्घाटन कर इन्हें ग्रामीणों को समर्पित किया। लोकार्पण के दौरान विधायक खंडेलवाल ने ग्रामीणों से संवाद कर गांव की आवश्यकताओं और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

कार्यक्रम में विधानसभा सह संयोजक संदीप सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा, उपाध्यक्ष रणवीर सिंह शक्तावत, कोषाध्यक्ष कैलाश तेली, भागचंद जैन, बूथ अध्यक्ष कृष्ण गोपाल पांचाल, धर्मचंद जैन, ओम पारीक सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

सेवा संकल्प यात्रा का शुभारंभ, विधायक गोपाल खंडेलवाल ने गौशाला पहुंचकर की गौसेवा, युवाओं से सेवा कार्यों में जुटने का आह्वान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत बुधवार को मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सेवा संकल्प यात्रा का शुभारंभ हुआ। नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर से विधायक गोपाल खंडेलवाल के नेतृत्व में यात्रा शुरू की गई। वडनगर से वाराणसी तक चल रही इस यात्रा में सेवा गतिविधियों के माध्यम से जनसरोकारों से जुड़ने का संदेश दिया जा रहा है।

इस दौरान विधायक खंडेलवाल ने गौशाला पहुंचकर गौसेवा की और गायों को चारा खिलाया। उन्होंने युवाओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से सेवा पखवाड़े के दौरान सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा, गोवर्धन वैष्णव, मनोज गोधा, मानव तिवारी, संजय डांगी, अनिल कुमार खटीक, पंकज विजय, पीयूष सोनी, पवन ब्रह्मभट्ट, हेमंत जोशी सहित नवनिर्वाचित पार्षद, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।



शाहपुरा उप कारागृह में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बंदियों से संवाद कर भेदभाव, विधिक सहायता और मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



मूलचंद पेसवानी। सुप्रीम कोर्ट के 'सुकन्या शांता बनाम भारत संघ' मामले में दिए गए निर्णय की पालना में शाहपुरा उप कारागृह का बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों को मिल रही सुविधाओं, सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और विधिक सहायता व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सानिया हाशमी की अगुवाई में हुए निरीक्षण में अधिकारियों ने बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जाति, धर्म या दिव्यांगता के आधार पर किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने रसोई, भोजन, पेयजल, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

विधिक सेवा क्लिनिक की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता सहित कानूनी अधिकारों के बारे में बताया गया। लंबित मामलों और व्यक्तिगत शिकायतों पर भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बनवारी लाल सिनसिनवार, एएसपी अंजुम कायल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

भागवत कथा में गूंजा भक्ति का संदेश, बोले प्रेमनारायण , कर्मों से तय होते हैं सुख-दुख

गोपी भाव के प्रसंग में श्रद्धालुओं को बताया समर्पण और प्रभु स्मरण का महत्व

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



चांदजी की खेड़ी स्थित श्री तिलस्वांनाथ गौशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं को भक्ति, कर्म और समर्पण का संदेश दिया गया। कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित प्रेमनारायण गेहूंखेड़ी वालों ने गोपी भाव का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि मनुष्य के सुख-दुख उसके कर्मों का परिणाम हैं, इसलिए हर परिस्थिति में भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सुख मिलने पर अत्यधिक प्रसन्न और दुख आने पर निराश होने के बजाय व्यक्ति को दोनों परिस्थितियों को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए। भगवान के प्रति शिकायत करने के बजाय प्रेम और समर्पण का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिंता करने से मनुष्य प्रभु से दूर होता है, जबकि भगवान के लिए व्याकुलता उसे उनके करीब ले जाती है।

कथावाचक ने कहा कि प्रभु का स्मरण मनुष्य के भीतर जमा नकारात्मकता और क्लेश को दूर करने का माध्यम है। सच्ची भक्ति में भावना सबसे महत्वपूर्ण है और भगवान के प्रति प्रेम का भाव रखने वाला भक्त ही आध्यात्मिक रूप से आगे बढ़ता है।

कथा में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री तिलस्वांनाथ गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष सुगन धाकड़ ने बताया कि कथा का आयोजन क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक होगी और 4 अक्टूबर को समापन किया जाएगा।

बालिकाओं को पोषण, स्वच्छता और एनीमिया से बचाव की दी जानकारी

मंगरोप व भोली के स्कूलों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला अधिकारिता विभाग की ओर से मंगरोप और भोली के राजकीय विद्यालयों में बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं एनीमिया रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना रहा।

पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की केंद्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने बालिकाओं को संतुलित आहार, आयरन व अन्य पोषक तत्वों की आवश्यकता, एनीमिया से बचाव तथा माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल व पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करने के साथ पर्याप्त पानी पीने के लिए प्रेरित किया।

विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल, मनो-सामाजिक परामर्शदाता सुनीता शर्मा एवं सामाजिक परामर्शदाता सीमा शर्मा ने किशोरावस्था में शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को किसी भी समस्या या असुरक्षित स्थिति में अभिभावक, शिक्षक अथवा संबंधित हेल्पलाइन से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। सही उत्तर देने वाली बालिकाओं को पुरस्कार तथा सभी उपस्थित बालिकाओं को गुड़-चना के पैकेट वितरित किए गए। प्रधानाचार्य वंदना कोशिक, रीना खोईवाल और शिल्पा सोलंकी ने बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को मजबूत बनाने का संदेश दिया। इस दौरान ग्राम साथिन सपना खटीक एवं बबली तेली भी मौजूद रहीं।

आयुर्वेद भवनों में सुविधाओं की जांच, प्रवेश मार्ग पर रैंप बनाने के निर्देश

आँट औषधालय और बिजौलिया आयुष चिकित्सालय के निर्माण कार्य का अधिकारियों ने लिया

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



निर्माणाधीन आयुर्वेद चिकित्सा भवनों को मरीजों के अनुकूल बनाने की दिशा में विभाग ने कवायद तेज कर दी है। आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा के उपनिदेशक डॉ. ओमप्रकाश नागर ने आँट स्थित नवीन राजकीय आयुर्वेद औषधालय और नगर के नवीन ब्लॉक आयुष चिकित्सालय भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की स्थिति देखी।

निरीक्षण के दौरान भवन में तैयार किए जा रहे कक्षों, उपलब्ध कराई जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं और निर्माण की प्रगति की जानकारी ली गई। प्रभारी चिकित्सक डॉ. संजय नागर ने भवन की वर्तमान स्थिति और अब तक हुए कार्यों से उपनिदेशक को अवगत कराया।

निरीक्षण में मरीजों के आवागमन को भी प्रमुखता दी गई। उपनिदेशक ने मुख्य प्रवेश द्वार पर रैंप के साथ उपयुक्त प्लेटफॉर्म तैयार कराने के निर्देश दिए, जिससे बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और चलने-फिरने में परेशानी वाले मरीजों को भवन में प्रवेश के दौरान सुविधा मिल सके।

उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के साथ शेष कार्यों को व्यवस्थित तरीके से पूरा कराने पर जोर दिया। विभाग के अनुसार दोनों भवनों के पूर्ण होने के बाद आँट और बिजौलिया क्षेत्र के ग्रामीणों को आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इस दौरान ब्लॉक चिकित्सालय प्रभारी डॉ. रिजवाना खान सहित संबंधित चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहे। अधिकारियों ने निर्माण से जुड़े कार्यों को लेकर आवश्यक सुझाव दिए तथा शेष कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने की बात कही।

डॉ. रणवीर कुमावत चित्तौड़गढ़ जिले के प्रभारी नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।



सरदार नगर निवासी एवं प्रदेश सचिव डॉ. रणवीर कुमावत को 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर आयोजित होने वाली 'गांधी पथ यात्रा' के संचालन एवं समन्वय के लिए चित्तौड़गढ़ जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जिम्मेदारी मिलने पर डॉ. कुमावत ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन की ओर से दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा के माध्यम से महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

सुदर्शन क्रिया से तनावमुक्त जीवन की ओर बढ़े 35 प्रतिभागी

आर्ट ऑफ लिविंग का चार दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



तनावपूर्ण जीवनशैली के बीच मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवन का संदेश देते हुए बिजौलिया में आर्ट ऑफ लिविंग का चार दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम सम्पन्न हुआ। भारत विकास परिषद इकाई के तत्वावधान में आयोजित शिविर में करीब 35 प्रतिभागियों ने दो बैचों में हिस्सा लिया। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक जितेंद्र जोशी एवं आंतिमा जोशी ने प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम, ध्यान और सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया। इसके साथ ही तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा सहज और प्रसन्न जीवन जीने के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया गया।

सुदर्शन क्रिया के अभ्यास के बाद प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए मानसिक शांति, सकारात्मकता, भीतर से हल्कापन और नई ऊर्जा महसूस होने की बात कही। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य नागरिकों सहित क्षेत्रवासियों की भी सहभागिता रही। अतिथियों ने ऐसे आयोजनों को समाज में तनाव कम करने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने वाला बताया।

समापन अवसर पर प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को नियमित रूप से साधना और अभ्यास जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. दुर्गा शंकर मेहर, वेद प्रकाश तिवाड़ी, संदीप सेठिया, भारती सेठिया, पूजा चंद्रवाल (पूर्व सरपंच), भूमिका मेवाड़ा (पार्षद, नगर पालिका बिजौलिया) सहित अन्य सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का विशेष योगदान रहा।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

जिला कलक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य सचिव एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता राजीव जैन ने पिछली बैठक की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की।

बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर स्थित सभी अवैध कट बंद करने तथा संयुक्त जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कोठारी नदी स्थित भदाली खेड़ा पुलिया सहित राष्ट्रीय राजमार्ग के 23 एवं शहरी क्षेत्र के 9 ब्लैक स्पॉट का स्थायी रेक्टिफिकेशन करवाने के निर्देश दिए गए। एनएच के अंडरपास की सर्विस रोड पर स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप एवं मिरर लगाने के निर्देश भी दिए गए।

एनएचएआई को अवैध दुकानों के अक्षांश-देशान्तर उपलब्ध कराने तथा रॉ में संचालित अवैध शराब की दुकानों का संयुक्त सर्वे कर उन्हें हटाने के निर्देश दिए गए। शहर के विद्यालयों, मंदिरों, सामुदायिक भवनों एवं मैरिज गार्डन के आसपास जेब्रा क्रॉसिंग, रंबल स्ट्रिप, रोड लाइनिंग, चौराहा विकास, रंग-रोगन एवं सफाई कार्य करवाने तथा दीपावली से पूर्व शहर की सड़कों पर जंगल सफाई, पेच रिपेयर एवं व्हाइट लाइनिंग करवाने के निर्देश दिए गए।

विद्यालयों में 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों द्वारा वाहन लाने पर चालान एवं अभिभावकों के साथ समझाइश करने तथा स्कूल वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाने के निर्देश दिए गए। ट्रैफिक पार्क के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए।

गुड सेमिरिटन योजना के प्रचार-प्रसार के लिए प्रमुख स्थानों पर बैनर-पोस्टर लगाने एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। राहवीर योजना के तहत घायल मरीजों के उपचार के लिए प्रस्ताव भिजवाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ढ्ढन्नष्ठ सॉफ्टवेयर पर लंबित प्रविष्टियों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए गए।

राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने तथा विपरीत दिशा में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालान, लाइसेंस निलंबन एवं निरंतर पेट्रोलिंग की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, अर्थमूवर्स एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए जिला परिवहन एवं नगर निगम को 15 दिवसीय कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

शहर की सड़कों से निराश्रित पशुओं एवं आवारा स्वानों को क्रमशः काईन हाउस एवं डॉग शेल्टर पहुंचाने तथा चौराहों से अतिक्रमण हटाकर सौन्दर्यकरण करवाने के निर्देश दिए गए। शिवाजी गार्डन पर ट्रांसफार्मर एवं थड़ियों को हटाने तथा तेज गति एवं स्टंट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

बैठक में ओवरलोड वाहनों एवं सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के लाइसेंस निरस्त करने, बिना हेलमेट एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई बढ़ाने तथा जिले में प्रवेश करने वाले ओवरलोड वाहनों के समय निर्धारण के निर्देश दिए गए।

भाजपा कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन, विधायक ने किया संवाद

कार्यकर्ताओं से संगठन, विकास और जनसेवा को लेकर की चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।



हाथीपुरा स्थित सूर्य निवास में भाजपा की ओर से कार्यकर्ता स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाहपुरा-बनेड़ा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात कर संगठन और क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर संवाद किया।

कार्यक्रम में नवनिर्वाचित नगरपालिका सभापति राजाधिराज गोपाल चरण सिंह सिसोदिया, उपसभापति कैलाश माली, पूर्व प्रधान ऊंकार सिंह राणावत, गजराज सिंह राणावत सहित वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक बैरवा ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने सभी के सहयोग से क्षेत्र में विकास एवं जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भी विधायक के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

सोमिला इंटरनेशनल स्कूल की -19 गर्ल्स हॉकी टीम ने नेशनल में बनाई जगह

CBSE वेस्ट जोन में स्वर्ण के बाद अब अमृतसर में राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेगी टीम

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



सोमिला इंटरनेशनल स्कूल की अंडर-19 बालिका हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए CBSE नेशनल हॉकी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन अमृतसर में होगा। टीम के चयन से विद्यालय सहित गंगापुर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

टीम ने इससे पहले CBSE वेस्ट जोन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर नेशनल में जगह बनाई। विद्यालय के चेयरमैन चेतन प्रकाश डीडवानिया, डायरेक्टर हर्ष अग्रवाल व सोनाली गुप्ता तथा प्राचार्या शानू शर्मा ने खिलाड़ियों, कोच भवानी सिंह और टीम मैनेजर राजश्री चुंडावत को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी अनुशासन और मेहनत के साथ बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

QUICK BITES

औद्योगिक भ्रमण से निखरेगा सवाईपुर के विद्यार्थियों का व्यावसायिक कौशल, आईटीआई का किया दौरा

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव):- कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाईपुर के विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा (वोकेशनल एजुकेशन) के अंतर्गत एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण (इंडस्ट्रियल विजिट) का आयोजन किया गया । इस विजिट के तहत विद्यार्थियों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) का दौरा करवाया गया, जहाँ उन्हें विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक क्षेत्रों की व्यावहारिक जानकारी मिली । इस भ्रमण दल को विद्यालय इंचार्ज शारदा सुखवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । स्कूल में संचालित 'इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर' तथा 'ब्यूटी एवं वेलनेस' ट्रेड के कुल 120 विद्यार्थियों ने इस ज्ञानवर्धक विजिट में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया । विजिट के दौरान विद्यार्थियों को इलेक्ट्रीशियन रिटेल कोपा फ़िटर आदि ट्रेड्स के बारे में भी बताया गया, इससे उनके व्यवसायिक कौशल व ज्ञान का विकास हुआ तथा भविष्य के अवसरों व संभावनों के बारे में जानकारी हुई । विजिट दल में विद्यार्थियों के साथ कौशल मित्र दीपिका वैष्णव, वोकेशनल ट्रेनर वंदना सेन, पायल वसीठा, वरिष्ठ अध्यापक अमृता शर्मा, पद्मा सुखवाल, अंजली शर्मा, सुमित्रा पारीक, सत्यप्रकाश भारद्वाज और व्याख्याता मनोज कुमार राठौर शामिल थे ।।

सुरास के तीन विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में चयन, भीलवाड़ा टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव):- सवाईपुर क्षेत्र के सुरास गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में उस समय खुशी का माहौल हो गया, जब विद्यालय की दो होनहार छात्रा व एक छात्र का राज्य स्तरीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता (17 वर्ष छात्र व छात्रा वर्ग) के लिए चयन हुआ । इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के खेल प्रेमियों और ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई है । शारीरिक शिक्षक हरगोविंद जीनगर ने बताया कि हाल ही में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता संपन्न हुई थी । इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट और बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर 17 वर्ष छात्रा वर्ग में मिनाक्षी बलाई व प्रिया धाकड़ का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया है । मिनाक्षी और प्रिया 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक राजकीय देवेंद्र सेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल डुंगरपुर में आयोजित होने वाली 70वीं राज्य स्तरीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे । वही 17 वर्ष छात्र वर्ग में राहुल बलाई का राज्य स्तर पर चयन हुआ । राहुल मदरलैंड चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल टोंक में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे । इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रधानाचार्य अनुपम उपाध्याय ने चयनित छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राज्य स्तर पर भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया । इस दौरान विद्यालय स्टाफ और ग्रामीणों ने भी सभी को शुभकामनाएं दी ।।

खेत की चारदीवारी तोड़ने और फसल-संसाधन नष्ट करने का आरोप, कार्रवाई की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।



मोहनपुरा पंचायत के स्वरूपपुरा गांव में खातेदारी जमीन को लेकर चल रहे विवाद ने अब गंभीर रूप ले लिया है। एक किसान ने कुछ ग्रामीणों पर उसके खेत में घुसकर पक्की चारदीवारी तोड़ने, सिंचाई उपकरणों में तोड़फोड़ करने और फलदार पौधों को नष्ट करने का आरोप लगाया है। किसान का दावा है कि घटना के बाद मांडलगढ़ थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़ित किसान हंसराज मीणा, निवासी स्वरूपपुरा, ने पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को दी शिकायत में बताया कि 1 जुलाई 2026 को कुछ लोगों ने एकजुट होकर उसके खेत पर धावा बोला। आरोप है कि इस दौरान खेत की पक्की चारदीवारी को क्षतिग्रस्त करने के साथ सिंचाई के उपकरणों में तोड़फोड़ की गई और खेत में लगे फलदार पौधों को भी नुकसान पहुंचाया गया। किसान ने मारपीट करने और जातिगत रूप से अपमानित करने का भी आरोप लगाया है।

शिकायत में किसान ने बताया कि घटना के संबंध में मांडलगढ़ थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बढ़ने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित का कहना है कि उसे खेत पर जाने से रोका जा रहा है तथा जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही हैं।

किसान ने पूर्व जनप्रतिनिधि और उसके भाई सहित नामजद आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने, खेत में हुए नुकसान की भरपाई कराने तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। पीड़ित ने शिकायत में अपनी जान को खतरा बताते हुए खेत पर जाने को लेकर भय का माहौल होने की बात कही है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।